Government of India

Ministry of Development of North Eastern Region

**RAJYA SABHA**

**STARRED QUESTION No. *170**

To be answered on

Thursday, December 22, 2022/ 1 Pausha, 1944

**QUESTION**

**Funds allocated to North Eastern Council**

*170. Shri Pabitra Margherita:

Will the Minister of DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION be pleased to state:

(a) the budget allocation to the Ministry from 2019 to 2021, year-wise;

(b) the disbursal and utilization of funds under the Schemes of North Eastern Council (NEC), State Wise; and

(c) the list of the Non-Governmental Organisations and the total financial assistance provided to them by NEC in the region during the last three years?

**ANSWER**

**The Minister of the Ministry of Development of North Eastern Region**

**[Shri G. Kishan Reddy]**

(a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

**Statement referred in reply to Parts (a) to (c) of Rajya Sabha Starred Question No. *170 to be answered on 22/12/2022.**

(a) The year-wise Budget Estimates (BE), Revised Estimates (RE) and Actual Expenditure (AE) of the Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER) from 2019-20 to 2021-22 is given in Annexure-I.

(b) The state-wise disbursement and utilization of funds under Schemes of NEC excluding the amount disbursed to agencies other than State Government agencies during the last 3 years (2019-20 to 2021-22) is given in Annexure-II.

(c) The list of Non-Governmental Organizations (NGOs) and the total financial assistance provided to them by NEC in the region during the last 3 years (2019-20 to 2021-22) is, inter-alia, given in Annexure-III.

*****

**Annexure-I**

**Annexure referred in reply to Part (a) of Rajya Sabha Starred Question No. * 170 to be answered on 22.12.2022**

**Budget Allocation to MDoNER from 2019-20 to 2021-22, year wise.**

**Rs. in crore**

| Year | Budget Estimates (BE) | Revised Estimates (RE) | Actual Expenditure (AE) | AE as % of RE |
|---|---|---|---|---|
| **2019-20** | 3000.00 | 2670.00 | 2669.72 | 100 |
| **2020-21** | 3048.73 | 1860.00 | 1859.99 | 100 |
| **2021-22** | 2658.00 | 2658.00 | 2657.47 | 100 |

**Annexure-II**

**Annexure referred in reply to Part (b) of Rajya Sabha Starred Question No. * 170 for answer on 22.12.2022**

**Disbursal and utilization of funds under Schemes of NEC from 2019-20 to 2021-22, State-wise**

**Rs. in crore.**

| State | Amount Disbursed | Amount Utilized |
|---|---|---|
| **Arunachal Pradesh** | 144.61 | 197.63 |
| **Assam** | 92.42 | 101.66 |
| **Manipur** | 118.49 | 217.11 |
| **Meghalaya** | 136.20 | 115.83 |
| **Mizoram** | 158.90 | 324.32 |
| **Nagaland** | 139.54 | 142.87 |
| **Sikkim** | 102.37 | 74.88 |
| **Tripura** | 182.19 | 68.03 |

**Note 1 :** Utilised amount in the calculated figure from utilisation certificates received during a particular year which includes utilisation action of released funds from preceding financial years.

**Annexure-III**

**Annexure referred in reply to Part (c) of Rajya Sabha Starred Question No. * 170 for answer on 22.12.2022**

**List of NGOs and the Financial Assistance provided to them during last 3 years (2019-20 to 2021-22)**

**Rs. in Lakh.**

| Sl. No | Name of the NGO | State | Financial Assistance Provided | Remarks/ Projects |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Guwahati Tea Auction Centre | Assam | 25.00 | Setting up of Tea Lounge at Guwahati Tea Auction Centre |
| 2 | Indian Chamber of Commerce, Guwahati | Assam | 9.50 | Workshop on Financial Inclusion in Rural Areas of NE (Phase III) in Mizoram |
| 3 | Eastern Beats Music Society | Assam | 250.00 | Eastern Beats Music Society for "Rhythms and Aromas of North East India" |
| 4 | M/s LT Eco Bag | Mizoram | 103.00 | Production of Eco - Friendly Bags by M/s LT Eco Bags |
| 5 | Balipara Tract and Frontier Foundation | Assam | 10.00 | 7th Eastern Himalayan Naturenomics Forum 2019 at Guwahati on 5th-6th November 2019 |
| 6 | Ayang Music Society | Assam | 10.00 | Kherkotiya Festival at Majuli |
| 7 | Ranglong Youth Association | Manipur | 8.00 | The Ranglong Khohui Cultural Festival |
| 8 | Ankon, Assam | Assam | 129.25 | Theatre Training-cum-Festival 2019 |
| 9 | Manipur Writers Forum | Manipur | 4.80 | Three Days Festival of Literature, Music and Dance |
| 10 | North East Christian University | Nagaland | 6.40 | Naga Cultural Symposium-II |
| 11 | My Home India | Delhi | 8.00 | NEST. Fest 2019 |
| 12 | Dorbar Shnong, Nongrim Hills, Shillong | Meghalaya | 1.50 | 71st Independence Day Celebration |
| 13 | Sri Sankaradeva Nethralaya, Guwahati | Assam | 10.00 | Conference on Ocuplastics Association of India(OPAI) held at Vivanta on 6th-8th September 2019 |
| 14 | Tangkhul Naga Society, Delhi | Delhi | 60.00 | Financial Assistance for the 13th NEC Tamchon Trophy 2019 |
| 15 | National Farmer Association | Manipur | 7.50 | Sustainable development Water pollution environment changes, Eco-system and integrated approach of Loktak Lake Manipur |
| 16 | All India Women's Education Fund Association (AIWEFA) | Delhi | 4.82 | North East Expo - 2019 |
| 17 | Jeevan Initiative | Assam | 10.00 | 8th Jeevan Kite River Festival |
| 18 | Makunda Christian Leprosy | Assam | 460.52 | Upgradation of Services of Makunda |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | and General Hospital, Bazaricherra, Karimganj, Assam | | | Christian Leprosy and General Hospital, Bazaricherra, Karimganj, Assam |
| 19 | Sri Sankaradeva Nethralaya, Guwahati | Assam | 130.37 | Modernization of Technology of Sri Sankaradeva Nethralaya for Precision Eye Care and Opthalmic Education by SSN, Guwahati |
| 20 | Bamboo Development Agency, Mizoram, Aizawl | Mizoram | 136.00 | North East Handloom & Handicrafts Exhibition held from 05.10.2019 to 08-10-2019 at Aizawl, Mizoram |
| 21 | Ukhrul Hills Development Foundation (UHDF), Ukhrul, Manipur | Manipur | 136.00 | Two days seminar on Animal Husbandry with Special reference to rearing/ farming cows, buffaloes, chickens and pigs in Ukhrul District, Manipur |
| 22 | Seva Bharati Purbanchal, Guwahati | Assam | 10.00 | 17th Dhanavantari Seva Yatra, 2022 |
| 23 | India Skill Pedia Foundation | Sikkim | 25.00 | Sponsorship of NE States Young Entrepreneurs for Intensive Industry Oriented Training |
| 24 | M/s Handloom & Handicrafts Development Federation(HHDF), Imphal West, Manipur | Manipur | 7.50 | State Level Traditional Crafts Mela which will be held from 23rd to 27th April, 2022 |
| 25 | Confederation of Indian Industry | Assam | 3.00 | “Hast Kaari-Empowering Rural North East: CII Virtual Platforms |
| 26 | Indian Chamber of Commerce | Tripura | 7.50 | “Workshop on Financial Inclusion Tripura,” |
| 27 | Mizoram Aero Sports Association | Mizoram | 468.81 | Integreted Tourist Circuit, Serchhip, Mizoram |
| 28 | Kanglei Mime Repertory | Manipur | 7.50 | National Mime Festival |
| 29 | Divya Jeevan Foundation | Meghalaya | 10.00 | NADI |
| 30 | Sri Sankaradeva Nethralaya, Guwahati | Assam | 8.00 | 19th Dhanavantari Seva Yatra, 2022 |
| | **Total** | | **2067.97** | |

भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *170**

उत्तर देने की तारीख 22 दिसंबर, 2022 (गुरूवार)

1 पौष, 1944 (शक)

**प्रश्न**

**उत्तर पूर्वी परिषद को आवंटित धन**

***170. श्री पबित्र मार्गेरिटा:**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से 2021 तक मंत्रालय को वर्ष-वार कितना बजट आवंटित किया गया है;

(ख) उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) की योजनाओं के तहत वितरित और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त क्षेत्र में गैर-सरकारी संगठनों की सूची का ब्यौरा क्या है और एनईसी द्वारा उन्हें कुल कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

**राज्य सभा में दिनांक 22.12.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. *170 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के वर्ष-वार बजट अनुमान (बीई), संशोधित अनुमान (आरई) और वास्तविक व्यय (एई) का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) विगत 3 वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान, राज्य सरकार की एजेंसियों को छोड़कर अन्य एजेंसियों को वितरित राशि को शामिल न करते हुए एनईसी की स्कीमों के तहत वितरित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) विगत 3 वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान इस क्षेत्र में गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की सूची और एनईसी द्वारा उन्हें प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता का ब्यौरा **अनुबंध-III** में दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**राज्य सभा में दिनांक 22.12.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न *170 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय को वर्ष 2019-2020 से 2021-22 तक वर्ष-वार आवंटित बजट**

**(रु. करोड़ में)**

| **वर्ष** | **बजट अनुमान (बी.ई.)** | **संशोधित अनुमान (आर.ई.)** | **वास्तविक व्यय (ए.ई.)** | **आर.ई. के % के सापेक्ष वास्तविक व्यय** |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | 3000.00 | 2670.00 | 2669.72 | 100 |
| 2020-21 | 3048.73 | 1860.00 | 1859.99 | 100 |
| 2021-22 | 2658.00 | 2658.00 | 2657.47 | 100 |

*****

**अनुबंध-।।**

**राज्य सभा में दिनांक 22.12.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न सं. *170 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।**

**एनईसी की स्कीमों के अंतर्गत वर्ष 2019-2020 से 2021-22 तक राज्य-वार निधियों का वितरण और उपयोग**

**(करोड़ रु. में)**

| राज्य | संवितरित राशि | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|
| **अरुणाचल प्रदेश** | 144.61 | 197.63 |
| **असम** | 92.42 | 101.66 |
| **मणिपुर** | 118.49 | 217.11 |
| **मेघालय** | 136.20 | 115.83 |
| **मिजोरम** | 158.90 | 324.32 |
| **नागालैंड** | 139.54 | 142.87 |
| **सिक्किम** | 102.37 | 74.88 |
| **त्रिपुरा** | 182.19 | 68.03 |

**नोटः** उपयोग की गई राशि की गणना किसी विशिष्ट वर्ष के दौरान प्राप्त उपयोग प्रमाणपत्रों से की गई है जिसमें पूर्ववर्ती वित्त वर्षों में जारी निधियों के उपयोग की राशि शामिल है।

*****

**अनुबंध- III**

**राज्य सभा में दिनांक 22.12.2022 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न *170 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**गैर सरकारी संगठनों की सूची और पिछले 3 वर्षों (2019-20 से 2021-22) के दौरान उन्हें प्रदान की गई वित्तीय सहायता**

**(रु. लाख में)**

| क्र. सं. | एनजीओ का नाम | राज्य | प्रदत्त वित्तीय सहायता | टिप्पणी/परियोजना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र | असम | 25.00 | गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र में चाय लाउंज की स्थापना |
| 2 | इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, गुवाहाटी | असम | 9.50 | मिजोरम में एनई के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन (चरण III) पर कार्यशाला |
| 3 | ईस्टर्न बीट्स म्यूजिक सोसाइटी | असम | 250.00 | "पूर्वोत्तर भारत की रिदम और एरोमा" के लिए ईस्टर्न बीट्स म्यूजिक सोसाइटी |
| 4 | मैसर्स एलटी इको बैग | मिजोरम | 103.00 | मेसर्स एलटी इको बैग्स द्वारा इको-फ्रेंडली बैग्स का उत्पादन |
| 5 | बलीपारा ट्रैक्ट एंड फ्रंटियर फाउंडेशन | असम | 10.00 | नवंबर 2019 को गुवाहाटी में 7वां पूर्वी हिमालयन नेचरनॉमिक्स फोरम 2019 |
| 6 | अयांग म्यूजिक सोसायटी | असम | 10.00 | माजुली में खेरकोटिया महोत्सव |
| 7 | रंगलोंग यूथ एसोसिएशन | मणिपुर | 8.00 | रंगलोंग खोहुई सांस्कृतिक महोत्सव |
| 8 | अंकोन, असम | असम | 129.25 | रंगमंच प्रशिक्षण-सह-महोत्सव 2019 |
| 9 | मणिपुर राइटर्स फोरम | मणिपुर | 4.80 | साहित्य, संगीत और नृत्य का तीन दिवसीय उत्सव |
| 10 | नॉर्थ ईस्ट क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी | नागालैंड | 6.40 | नागा सांस्कृतिक संगोष्ठी-2 |
| 1 1 | माय होम इंडिया | दिल्ली | 8.00 | एनईएसटी उत्सव 2019 |
| 12 | दोरबार शौंग, नोंग्रिम हिल्स, शिलांग | मेघालय | 1.50 | 71वां स्वतंत्रता दिवस समारोह |
| 13 | श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी | असम | 10.00 | सितंबर 2019 को विवांता में आयोजित ऑक्यूप्लास्टिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओपीएआई) पर सम्मेलन |
| 14 | तांगखुल नागा सोसाइटी, दिल्ली | दिल्ली | 60.00 | टैमचॉन ट्रॉफी 2019 के लिए वित्तीय सहायता |
| 15 | नेशनल फार्मर्स एसोसिएशन | मणिपुर | 7.50 | संवहनीय विकास, जल प्रदूषण पर्यावरण परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र और लोकतक झील मणिपुर का एकीकृत दृष्टिकोण |
| 16 | अखिल भारतीय महिला शिक्षा कोष संघ (एआईडब्ल्यूईएफए) | दिल्ली | 4.82 | नॉर्थ ईस्ट एक्सपो - 2019 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | जीवन इनीशिएटिव | असम | 10.00 | 8वां जीवन काइट रिवर महोत्सव |
| 18 | मकुंदा क्रिश्चियन लेप्रोसी एंड जनरल हॉस्पिटल, बाजारीचेरा, करीमगंज, असम | असम | 460.52 | मकुंदा क्रिश्चियन लेप्रोसी एंड जनरल हॉस्पिटल, बाजारीचेरा, करीमगंज, असम की सेवाओं का उन्नयन |
| 19 | श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी | असम | 130.37 | एसएसएन, गुवाहाटी द्वारा सटीक नेत्र देखभाल और नेत्र शिक्षा के लिए श्री शंकरदेव नेत्रालय की प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण |
| 20 | बैंम्बू डेवलपमेंट एजेंसी, मिजोरम, आइजोल | मिजोरम | 136.00 | उत्तर पूर्व हथकरघा और हस्तशिल्प प्रदर्शनी 05.10.2019 से 08-10-2019 तक आइजोल, मिजोरम में आयोजित की गई |
| 21 | उखरूल हिल्स डेवलपमेंट फाउंडेशन (यूएचडीएफ), उखरूल , मणिपुर | मणिपुर | 136.00 | उखरूल जिले में गाय, भैंस, मुर्गियां और सूअर पालन/फार्मिंग के विशेष संदर्भ में पशुपालन पर दो दिवसीय सेमिनार |
| 22 | सेवा भारती पूर्वांचल , गुवाहाटी | असम | 10.00 | 17वीं धनवंतरी सेवा यात्रा, 2022 |
| 23 | इंडिया स्किल पीडिया फाउंडेशन | सिक्किम | 25.00 | गहन उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण के लिए पूर्वोत्तर राज्यों के युवा उद्यमियों की स्पॉन्सरशिप |
| 24 | मेसर्स हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन (एचएचडीएफ), इंफाल वेस्ट, मणिपुर | मणिपुर | 7.50 | राज्य स्तरीय पारंपरिक शिल्प मेला जो 23 से 27 अप्रैल, 2022 तक आयोजित किया जाएगा |
| 25 | भारतीय उद्योग परिसंघ | असम | 3.00 | "हस्तकारी - ग्रामीण उत्तर पूर्व को सशक्त बनाना: सीआईआई वर्चुअल प्लेटफॉर्म |
| 26 | इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स | त्रिपुरा | 7.50 | "वित्तीय समावेशन त्रिपुरा पर कार्यशाला" |
| 27 | मिजोरम एयरो स्पोर्ट्स एसोसिएशन | मिजोरम | 468.81 | इंटीग्रेटेड टूरिस्ट सर्किट, सेरछिप, मिजोरम |
| 28 | कांगलेई माइम रिपर्टरी | मणिपुर | 7.50 | राष्ट्रीय माइम महोत्सव |
| 29 | दिव्य जीवन फाउंडेशन | मेघालय | 10.00 | एनएडीआई |
| 30 | श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी | असम | 8.00 | 19वीं धनवंतरी सेवा यात्रा, 2022 |
| | **कुल** | | **2,067.97** | |

*****

SHRI PABITRA MARGHERITA: Sir, my first supplementary is this. We, the North-Eastern people, are really thankful to the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi for the Centre's Budget allocation to the North-East which is almost double as compared to the other Governments. DoNER and North-East Council, i.e. NEC's Budget and projects are also increasing. I would like to know what system has been adopted by NEC for monitoring the proper and speedy implementation of these projects as DoNER covers a huge geographical area of eight States.

**श्री जी. किशन रेड्डी** : ऑनरेबल चेयरमैन सर, एनईसी और डोनर के जितने भी प्रोजेक्ट्स हैं, वे 100 परसेंट गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के स्पॉन्सर्ड प्रोजेक्ट्स हैं। हम इनमें से कुछ प्रोजेक्ट्स स्टेट गवर्नमेंट्स को देते हैं तथा कुछ प्रोजेक्ट्स एनजीओज़ को भी देते हैं। पहले तो हम जिस प्रोजेक्ट को सैंक्शन करते थे, उसकी प्रॉपर रिपोर्टिंग नहीं होती थी। अभी हम जियोटैगिंग की मदद से यह प्रयास कर रहे हैं कि जिस प्रोजेक्ट में जो भी काम हो रहा है, जितना काम हो रहा है, उसकी ठीक तरीके से रिपोर्ट ली जाए, ठीक तरीके से प्रोजेक्ट इम्प्लिमेंटेशन किया जाए। यह काम भारत सरकार के द्वारा लगातार हो रहा है। हमने अभी हर स्टेट कैपिटल में डोनर मिनिस्ट्री, एनईसी का ऑफिस खोला है, यह पहले नहीं था। वहाँ ज्वाइंट सेक्रेटरी, डायरेक्टर लेवल के ऑफिसर्स भी रेग्युलर्ली जाते हैं, स्पॉट पर देखते हैं और प्रोजेक्ट की रिपोर्ट देते हैं। हम इस तरह से उसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

SHRI PABITRA MARGHERITA: Sir, I would like to ask the hon. Minister of DoNER as to what are the major initiatives, projects and schemes in progress in North-East India under his Department.

**श्री जी. किशन रेड्डी** : ऑनरेबल चेयरमैन सर, हम डोनर मिनिस्ट्री के बजट के माध्यम से छोटे-छोटे प्रोजेक्ट्स करते हैं, मगर डोनर मिनिस्ट्री का लक्ष्य बड़ा है। हम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की सभी मिनिस्ट्रीज़ के जितने भी बड़े तथा छोटे प्रोजेक्ट्स हैं, उन सभी की मॉनिटरिंग करते हैं तथा स्टेट गवर्नमेंट्स और गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के मिनिस्टर के साथ कोऑर्डिनेशन करते हैं। जिस भी प्रोजेक्ट में सेन्ट्रल गवर्नमेंट और स्टेट गवर्नमेंट्स के बीच फंडिंग गैप होता है या एक स्टेट से दूसरी स्टेट के बीच में जो छोटी-छोटी रोड्स होती हैं, हम उन प्रोजेक्ट्स को लेते हैं। डोनर मिनिस्ट्री, एनईसी का ओरिजिनल काम है – Co-ordination with Ministries of the Government of India and the State Governments.

**श्री बिप्लब कुमार देब** : महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि एनईसी का जो टोटल फंड है, उसमें त्रिपुरा को मिनिमम 12 परसेंट देने का प्रावधान है, तो वह 12 परसेंट त्रिपुरा को क्यों नहीं दिया जाता है और क्या मंत्री जी को इस बारे में जानकारी है?

**श्री जी. किशन रेड्डी** : सभापति महोदय, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के द्वारा एनईसी को जितना भी बजट दिया जाता है, हम उसका 30 परसेंट बैकवर्ड एरियाज़ के लिए एलोकेट करते हैं और बाकी बचे 70 परसेंट में से 60 परसेंट स्टेट्स को देते हैं। यह सही बात है कि ऐज़ पर पॉपुलेशन, उसमें से 12 परसेंट त्रिपुरा को ऐलोकेट करते हैं। पॉपुलेशन के हिसाब से त्रिपुरा को 12 परसेंट जरूर मिलता है। इसमें स्टेट गवर्नमेंट को प्रोऐक्टिव होना चाहिए। हम जितने भी प्रोजेक्ट देते हैं, उन्हें प्रोऐक्टिवली कंप्लीट करना चाहिए, नये प्रोजेक्ट के लिए स्टेट गवर्नमेंट के द्वारा प्रपोज़ल भेजना चाहिए। इसका इम्प्लीमेंटेशन और एक्ज़ीक्यूशन भी पूरी तरह से स्टेट गवर्नमेंट को करना है। हम सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से बड़ा प्रोजेक्ट देने का प्रयास करते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि हम इसमें कोई डिस्क्रिमेशन नहीं करते हैं। चाहे त्रिपुरा हो या अरुणाचल प्रदेश हो, नॉर्थ-ईस्ट को पूरी तरह से डेवलप करने के लिए भारत सरकार पूरी कमिटमेंट के साथ काम करती है। मैं आपको एक ही बात बताना चाहता हूँ कि जब से नॉर्थ-ईस्ट में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार आई है, तब से जो बजट 36,000 करोड़ का था, उसे इन आठ सालों में बढ़ाकर इस साल टोटल 68,000 करोड़ कर दिया गया है। सर, इसमें इतना डिफरेंस है। चेयरमैन सर, चार साल में बहुत काम हुआ है, चाहे वह इन्फ्रास्ट्रक्चर में हो, रोड सेक्टर में हो, रोड कनेक्टिविटी हो, ट्रेन कनेक्टिविटी हो, एयर कनेक्विटी हो और वॉटर वे कनेक्टिविटी हो, इन्क्लूडिंग पोलिटिकल कनेक्टिविटी, उसमें भी काम हुआ है। नॉर्थ-ईस्ट में अनस्टेबल गवर्नमेंट्स रहती थीं, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद सभी स्टेट्स में एक स्टेबल गवर्नमेंट आई है और डेवलपमेंट को लेकर हैल्दी कॉंपिटिशन आया है। महोदय, इसमें पहले हैल्दी कॉंपिटिशन नहीं रहता था, लेकिन हमारी स्टेट आगे बढ़नी चाहिए, हमारी स्टेट विकास के रास्ते पर जानी चाहिए, इसे लेकर अब सभी चीफ मिनिस्टर्स में एक हैल्दी कॉंपिटिशन डेवलप हो रहा है। हम किसी स्टेट के साथ कोई डिस्क्रिमिनेशन नहीं कर रहे हैं।

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Mr. Chairman, Sir, players of the North-Eastern region playing a very important role in the Olympics and in the national sports arena.
MR. CHAIRMAN: You ask your question.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: I am coming to my question. We are thankful to the hon. Prime Minister and the Union Government for setting up of the Sports University in Manipur.

My question is this. Olympic Medalists Mary Kom, Lovlina Borgohain, Mirabai Chanu are from the North-Eastern Region. My straight question to the hon. Minister is: What is the NEC doing for development of sports, to improve activities of sports, to set up more stadia and sports infrastructure in the North-Eastern Region?

**श्री जी. किशन रेड्डी** : चेयरमैन सर, चाहे एनईसी के द्वारा हो, डोनर के द्वारा हो, स्टेट गवर्नमेंट के साथ जो गैप फंडिंग होती है, उसे हम स्टूडेंट्स के लिए या अलग-अलग जगह पर दे रहे हैं। मैं बताना चाहता हूँ कि गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट और स्टेट गवर्नमेंट का स्पोर्ट्स

डिपार्टमेंट, इनकी मेन रिस्पाँसिबिलिटी होती है। जो गैप फंडिंग होनी चाहिए, उसे हम स्पोर्ट्स में जरूर देते हैं और यह उनके आन्सर में भी है। आज़ादी के बाद पहली बार एक नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी आदरणीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नॉर्थ-ईस्ट के मणिपुर में स्थापित की गई है। यह पहले नहीं थी। चूँकि भारत सरकार, मोदी जी को मालूम है, इसलिए हम नॉर्थ-ईस्ट में स्पोर्ट्स को एन्करेजमेन्ट देने के लिए काम कर रहे हैं और इसका रिजल्ट भी दो-तीन साल से नॉर्थ-ईस्ट में दिखाई दे रहा है। आने वाले दिनों में, भारत सरकार के द्वारा नॉर्थ-ईस्ट के अंदर एनईसी, मिनिस्ट्री ऑफ डोनर या गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री के माध्यम से स्पोर्ट्स के विकास के लिए जरूर काम किया जाएगा। हमारे एजेंडा में नॉर्थ-ईस्ट स्पोर्ट्स के मामले में नम्बर वन पर है और वहाँ हम स्पोर्ट्स के विकास के लिए जरूर काम करेंगे।

SHRI RWNGWRA NARZARY: Sir, I would like to know from the hon. Minister the present status of the construction of Aeipowali Bridge, under the Ministry of DoNER, on the Aei River in Chirang District of Assam; the position of the funds sanctioned; funds released so far; and, the timeline of completion.

**श्री जी. किशन रेड्डी** : सभापति जी, इस प्रोजेक्ट के बारे में अभी हमारे पास इन्फॉर्मेशन नहीं है। मैं आपकी अनुमति से कन्सर्न्ड मेम्बर को डिटेल के साथ उसकी प्रोग्रेस बता दूँगा।

MR. CHAIRMAN: Question No. 171. Shri M. Mohamed Abdulla — not present. Mr. Minister.

* 171. *[The questioner was absent.]*